आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.11.2025 समय : 1905

- अट्ठहत्तरवें एनसीसी दिवस के अवसर पर रक्षा सचिव ने कहा कि कहा– एनसीसी देश की युवा शक्ति और क्षमता का एक सशक्त उदाहरण है।
- विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत सभी मतदान केन्द्रों पर कल सुबह आठ बजे से विशेष शिविर लगाए जाएंगे।
- शिक्षा एवं खेल निदेशालय की ओर से कल नॉर्थ बे रोड मैराथन 5.0 और साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा।
- मलक्का स्ट्रेट के बीच के हिस्सों पर चक्रवाती प्रभाव के कारण द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में छब्बीस तारीख तक बहुत भारी वर्षा होने की चेतावनी।

<><><><><><><>

सरकार राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी की क्षमता 17 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने और राष्ट्रीय विकास तथा राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में इसकी भूमिका का विस्तार करने की योजना बना रही है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने 78वें एनसीसी दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि युवा देश की प्रगति में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी देश की युवा शक्ति और क्षमता का एक सशक्त उदाहरण है।

एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने कहा कि एनसीसी की उपस्थिति देश भर के 700 से अधिक जिलों में है और इसके 40 प्रतिशत कैडेट महिलाएं हैं। श्री वत्स ने कहा कि एनसीसी स्थापना 1948 में हुई थी और इसने लगभग 20 हज़ार कैडेटों के साथ काम करना शुरू किया था। उन्होंने कहा कि अब इसकी संख्या कई गुना बढ़ गई है। उन्होंने सामुदायिक विकास और मानवीय राहत कार्यों में शामिल एनसीसी कैडेटों के योगदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने कैडेटों के प्रशिक्षण को बेहतर बनाने के लिए साइबर जागरूकता और ड्रोन–रोधी उपायों सहित आधुनिक तकनीक के महत्व पर बल दिया।

<><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की एन सी सी आर्मी इकाई, की ओर से एन सी सी दिवस के अवसर पर आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के वाई सिंह के नेतृत्व में लगाया गया। इस अवसर पर उन्होंने कैडेट्स के समर्पण की सराहना करते हुए देश के निर्माण में इस प्रकार के आयोजनों के महत्व पर ज़ोर दिया।

<><><><><><>

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार द्वीपसमूह में बूथ स्तरीय अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के तहत घर–घर जाकर गणना प्रपत्र फॉर्म बांटने और इकट्ठा करने का कार्य कर रहे हैं। इस सिलसिले में लोगों की सुविधा के लिए, सभी मतदान केन्द्रों पर कल सुबह आठ बजे से विशेष शिविर लगाए जाएंगे। जिन मतदाताओं को गणना प्रपत्र फॉर्म नहीं मिले हैं, वे इन हेल्पडेस्क से फॉर्म ले सकते हैं। मतदाता किसी भी जानकारी के लिए वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

भारतीय नौसेना, रिपब्लिक ऑफ़ सिंगापुर नेवी और रॉयल थाई नेवी के बीच एक तीन–तरफ़ा समुद्री अभ्यास कल से उनतीस नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस अभ्यास का कल से पच्चीस नवंबर तक सिंगापुर के चांगी नेवल बेस में आयोजित होगा। इसमें क्रॉस–डेक विज़िट, दोस्ताना खेल प्रतियोगिता और विचारों का आदान–प्रदान किया जाएगा। छब्बीस से उनतीस नवंबर तक इंटरनेशनल मैरीटाइम बाउंड्री लाइन पर सी फेज़ होगा। इस दौरान तीनों देशों के जहाज़ और एयरक्राफ्ट मिलकर समुद्री युद्धाभ्यास और टैक्टिकल ड्रिल करेंगे, जो क्षेत्रीय सुरक्षा, समुद्री सहयोग और इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के उनके साझा प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। समापन समारोह उनतीस नवंबर को फुकेत में आर एस एस डॉन्टलेस पर आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><>

शिक्षा एवं खेल निदेशालय उप–शिक्षा अधिकारी विम्बर्लीगंज और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से कल ''खेल का नशा'' विषय के साथ नॉर्थ बे रोड मैराथन 5.0 और साइकिल रैली का आयोजन करेगा। मैराथन सुबह छः बजे आरंभ होगा, जो चून्नाभट्टा से नार्थ बे जाएगा और वापस चूनाभट्टा पर आकर सम्पन्न होगा। पुरूषों के वर्ग में दस किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया जाएगा, जबकि महिलाओं के लिए पांच किलोमीटर दौड़ का आयोजन होगा। मैराथन के बाद साइकिल रैली का आयोजन किया

जाएगा। प्रतिभागियों को अपनी साइकिले स्वयं लानी होगी। विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभागियों से सुबह पांच बजे निर्धारित स्थान पर उपस्थित रहने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से आज वार्ड संख्या– पांच में एक विशेष कर संग्रह अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के लिए अपने नगरपालिका करों का भुगतान आसान बनाना और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। अभियान के परिणामस्वरूप कुल चौंतीस लाख बत्तीस हजार तीन सौ इक्यानब्बे रुपये एकत्र हुए। आगामी शनिवार को नगरपालिका परिषद वार्ड संख्या–छः के जंगलीघाट स्थित खेतान कल्याण मंडपम और मुख्य कार्यालय में कर संग्रह अभियान चलाया जाएगा।

**<><><><><><><>**

पुलिस गुरूद्वारा में गुरू तेग बहादुर साहिब का शहीदी दिवस मनाया जाएगा। इस सिलसिले में कल सुबह आठ बजे से श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ होगा, जो चौबीस नवम्बर तक चलेगा। पच्चीस नवम्बर को सुबह साढ़े आठ बजे से भोग अखंड पाठ, असा–दि–बार, सबद–कीर्तन के अलावा शहीदी दिवस के बारे में प्रकाश डाला जाएगा। दिन में एक बजे लंगर का भी आयोजन किया जाएगा। गुरू का लंगर कल से पच्चीस नवम्बर तक लगेगा।

**<><><><><><><>**

आई सी डी एस शहरी परियोजना के तहत विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों के पद पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए अट्ठारह से पैंतीस वर्ष आयु वर्ग की महिला उम्मीदवार का बारहवीं कक्षा पास होना अनिवार्य है। साथ ही उम्मीदवार का उसी गांव का होना भी अनिवार्य है, जहां यह आंगनवाड़ी केन्द्र का संचालित किया जा रहा है। चयनित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को प्रतिमाह बारह हजार रूपये और सहायक को आठ हजार रूपये का मानदेय दिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन अट्ठाईस नवम्बर तक डॉलीगंज स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय के पते पर जमा कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**

मलक्का स्ट्रेट के बीच के हिस्सों पर चक्रवाती प्रभाव के कारण कम दबाव का क्षेत्र बन गया है, जिसके चौबीस नवंबर के आसपास दक्षिण–पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना

है। पश्चिम–उत्तर–पश्चिम की ओर बढ़ते हुए, इसके अगले 48 घंटों में दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर और तेज़ होने की आशंका है। इसके प्रभाव के चलते द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में कल और चौबीस नवम्बर को भारी वर्षा होगी, जबकि पच्चीस और छब्बीस तारीख को भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। इस दौरान हवा की गति पैंतालीस से पचपन किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेगी, जो बढ़कर पैंसठ किलोमीटर प्रतिघंटा हो सकती है। समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को छब्बीस नवम्बर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

**<><><><><><><>**

चिन्मय मिशन में कल शाम छः बजे से श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। मिशन के आचार्य स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती श्री रामचरित मानस पर प्रवचन देंगे। कार्यक्रम उनतीस नवम्बर तक चलेगा। चौबीस नवम्बर से सुबह साढ़े छः से साढ़े सात बजे तक ध्यान सत्र आयोजित किया जाएगा। मिशन ने सभी लोगों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

**<><><><><><><>**